आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 10.03.2026 समय : 0705

<><><><><><><>

1. सीप्लेन सेवाओं के लिए द्वीपों के पाँच क्षेत्रों में मार्ग आवंटित – स्वराज द्वीप, शहीद द्वीप और लॉन्ग आइलैंड से जोड़ने वाले सेक्टरों में परिचालन जल्द ही शुरू होगा।
2. प्रधानमंत्री आवास योजना – शहरी 2.0 के तहत श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद वार्ड स्तर पर जागरूकता शिविर और अभियान चला रही है।
3. अनिडको की ओर से द्वीपसमूह में विकास को बढ़ावा देने के लिए अनिडको आइलैंड डेवलपमेंट फेलोशिप प्रोग्राम और इंटर्नशिप प्रोग्राम शुरू किया गया है।
4. स्वतंत्रता सेनानियों के पहले दल के अंडमान द्वीप समूह में आगमन की स्मृति में आज चाथम मेमोरियल में श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया जा रहा है।

<><><><><><><>

मेहैर सीप्लेंस प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक ने कल लोक निवास में उपराज्यपाल एडमिरल डी के जोशी से मुलाकात कर द्वीपसमूह में सीप्लेन संचालन की प्रगति से अवगत कराया। कंपनी को स्वराज द्वीप, शहीद द्वीप, लांग आइलैंड, मायाबंदर और हटबे जैसे पाँच क्षेत्रों में सीप्लेन सेवाओं के लिए मार्ग आवंटित किए गए हैं। वर्तमान में सीप्लेन को चार्टर करने और पायलटों की नियुक्ति का कार्य अंतिम चरण में है। ग्राउंड वर्क और वाटर सेगमेंट का काम पूरा होते ही, श्री विजयपुरम को स्वराज द्वीप, शहीद द्वीप और लॉन्ग आइलैंड से जोड़ने वाले तीन सेक्टरों में परिचालन जल्द ही शुरू हो जाएगा। उपराज्यपाल ने सीप्लेन के परिचालन के लिए शेष कार्यों को तेजी से पूरा करने का आग्रह किया। इस दौरान क्षेत्र में कनेक्टिविटी को और बेहतर बनाने के लिए उन्नत 'एयर–कुशन्ड व्हीकल' जैसी नई तकनीकी विकल्पों पर भी चर्चा की गई।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद के अध्यक्ष शाहुल हमीद ने कल लोक निवास में उपराज्यपाल एडमिरल डी के जोशी से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान द्वीपसमूह की बढ़ती आबादी और पर्यटकों की संख्या में हो रही भारी वृद्धि पर चर्चा की गई। इन चुनौतियों को देखते हुए 'स्वच्छ भारत' पहल को और अधिक गति देने की आवश्यकता पर बल दिया गया। इसके अलावा भविष्य की जरूरतों को पूरा करने के लिए जल प्रबंधन की दीर्घकालिक योजनाओं पर भी विचार–विमर्श किया गया।

<><><><><><><>

सर्वोच्च न्यायालय ने जल्द ही सेवानिवृत्त होने वाले देश के विभिन्न न्यायाधिकरणों के अध्यक्षों और सदस्यों का कार्यकाल बढ़ाने संबंधी केंद्र सरकार के एक प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। कार्यकाल की अवधि इस वर्ष 8 सितंबर तक बढ़ा दी गई है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने इस प्रस्ताव को मंजूरी दी। अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरामानी ने कहा कि केंद्र सरकार न्यायाधिकरणों के कामकाज और सदस्यों की नियुक्ति से संबंधित एक नया विधेयक संसद के मौजूदा बजट सत्र या मानसून सत्र में लाने पर विचार कर रही है। श्री वेंकटरामानी ने कहा कि नया विधेयक पिछले वर्ष के फैसले के अनुरूप होगा और विभिन्न न्यायाधिकरणों के कामकाज और सदस्यों की नियुक्ति को सुगम बनाएगा।

<><><><><><><>

भारत सरकार ने प्रधानमंत्री के नेतृत्व में पहली सितंबर, 2024 को प्रधानमंत्री आवास योजना – शहरी 2.0 का शुभारंभ किया। इस योजना का लक्ष्य अगले पांच वर्षों में देश भर के एक करोड़ शहरी परिवारों को पक्के मकान उपलब्ध कराना है। इस सिलसिले में श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद वार्ड स्तर पर जागरूकता शिविर और अभियान चला रही है। योजना को चार प्रमुख स्तंभों के माध्यम से लागू किया जा रहा है, जिसमें आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के परिवारों को अपनी जमीन पर पक्का घर बनाने के लिए वित्तीय सहायता, सार्वजनिक या निजी एजेंसियों द्वारा बनाए गए घर का आवंटन, शहरी प्रवासियों, बेघर लोगों, कामकाजी महिलाओं और औद्योगिक श्रमिकों के लिए किराये के मकानों का विकास और होम लोन पर ब्याज सब्सिडी शामिल है। ऐसे परिवार जिनके पास भारत में कहीं भी अपना पक्का घर नहीं है, वे इसके पात्र हैं और जिन्होंने पिछले 20 वर्षों में किसी भी सरकारी आवास योजना का लाभ न लिया हो। इस योजना में विधवाओं, एकल महिलाओं, दिव्यांगों, वरिष्ठ नागरिकों, ट्रांसजेंडर, एससी, एसटी, अल्पसंख्यकों, सफाई कर्मियों, स्ट्रीट वेंडरों, कारीगरों और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को प्राथमिकता दी जाएगी। पात्र नागरिक आधिकारिक पोर्टल pmay-urban.gov.in के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह एकीकृत विकास निगम की ओर से पेशेवर क्षमता को मजबूत करने और पूरे द्वीपसमूह में स्थायी एवं संवेदनशील विकास को बढ़ावा देने के लिए अनिडको आइलैंड डेवलपमेंट फेलोशिप प्रोग्राम और इंटर्नशिप प्रोग्राम शुरू किया गया है। अनिडको इको–टूरिज्म, बुनियादी ढांचे, समुद्री और तटीय योजना, पर्यावरणीय स्थिरता और शहरी विकास जैसे क्षेत्रों में महत्वपूर्ण पहल कर रहा है, इसलिए

इन कार्यक्रमों का लक्ष्य युवा पेशेवरों और विषय विशेषज्ञों को जोड़ना है। फेलोशिप प्रोग्राम के तहत 4 योग्य पेशेवरों को 9 महीने की अवधि के लिए नियुक्त किया जाएगा। इंटर्नशिप प्रोग्राम के तहत प्रासंगिक विषयों के 10 छात्रों और हाल के स्नातकों को अल्पकालिक अनुभव प्रदान किया जाएगा। इसके लिए इच्छुक उम्मीदवार विस्तृत जानकारी, आवेदन प्रारूप और गूगल फॉर्म लिंक प्रशासन और अनिडको की वेबसाइट डाउनलोड कर सकते हैं।

<><><><><><><>

प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के स्वतंत्रता सेनानियों के पहले दल के अंडमान द्वीप समूह में आगमन की स्मृति में आज चाथम मेमोरियल में श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम सुबह 8 बजे आयोजित होगा। इस अवसर पर दक्षिण अंडमान जिला उपायुक्त पुष्पांजलि अर्पित कर प्रथम स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि देंगे।

<><><><><><><>

आईसीएमआर–क्षेत्रीय चिकित्सा अनुसंधान केंद्र में लेप्टोस्पायरोसिस के निदान पर पांच दिवसीय राष्ट्रीय स्तर की प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। इसमें पूरे देश के वैज्ञानिक, प्रयोगशाला पेशेवर और सार्वजनिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ भाग ले रहे हैं। 13 मार्च तक चलने वाली इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य इस जूनोटिक बीमारी के प्रयोगशाला निदान और निगरानी क्षमता को मजबूत करना है। कार्यशाला का उद्घाटन करते हुए बीसीजी वैक्सीन प्रयोगशाला के निदेशक डॉ. नवीन कुमार गुप्ता ने लेप्टोस्पायरोसिस के क्षेत्र में आईसीएमआर की भूमिका की सराहना की। विशिष्ट अतिथि NCDC, नई दिल्ली की संयुक्त निदेशक डॉ. आरती तिवारी ने देश भर में इस बीमारी के निदान और निगरानी में सुधार की आवश्यकता पर बल दिया। तकनीकी सत्रों का नेतृत्व वैज्ञानिक 'एफ' डॉ. एम. जी. मदनान और वैज्ञानिक ई डॉ. एन. मुरुगानंदम द्वारा किया जा रहा है।

<><><><><><><>

पर्यटन निदेशालय ने भारतीय पर्यटन और यात्रा प्रबंधन संस्थान, भुवनेश्वर के सहयोग से स्थानीय युवाओं के लिए 12–दिवसीय इको–टूर गाइड प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया है। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम अंडमान टील हाउस के सम्मेलन कक्ष में 20 मार्च तक चलेगा। इसका उद्देश्य स्थानीय बेरोजगार युवाओं और पर्यटन हितधारकों को गाइडिंग कौशल, इको–टूरिज्म प्रथाओं, आगंतुक प्रबंधन और प्राकृतिक विरासत की व्याख्या में दक्ष बनाना है। पर्यटन विभाग की संयुक्त निदेशक अनीता यादव ने उद्घाटन के

दौरान कहा कि द्वीपसमूह जैव विविधता से समृद्ध है, इसलिए गाइडों द्वारा पर्यटकों को जिम्मेदार व्यवहार और समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र की सुरक्षा के प्रति जागरूक करना चाहिए। प्रशिक्षण में क्लास रूम सत्र, चर्चाएं और व्यावहारिक अनुभव जैसे इको–टूरिज्म की अवधारणाएं, जैव विविधता, संचार कौशल, आगंतुक प्रबंधन, सुरक्षा अभ्यास और टिकाऊ पर्यटन प्रबंधन शामिल है।

<><><><><><><>

नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता मामले विभाग की ओर से मार्च माह में विभिन्न ग्राम पंचायतों में विशेष आधार शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। यह शिविर सुबह 9.30 बजे से शाम 4 बजे तक रहेगा। इस सिलसिले में आज व कल मनारघाट और शहीद द्वीप में तथा 12 और 13 मार्च को बृंदावन, में शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा दक्षिण अंडमान और ननकौड़ी के अन्य भागों में भी शिविर लगेंगे। सभी नागरिकों से इस अवसर का लाभ उठाने और अपने आधार से संबंधित कार्यों को पूरा करने का अनुरोध किया गया है।

<><><><><><><>